भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय
(प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

जनसंदेश टाइम्स

Office of the Registrar
(Press & Publicity Cell)

दिनांक : 03.07.2019

# प्रो.एएसके सिन्हा को मिली आरजीआईपीटी की कमान

**जिम्मेदारी**

**आईआईटी (बीएचयू) के डीन एकेडमिक रहे**

**वाराणसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. अखौरी सुधीर कुमार सिन्हा को नियुक्ति अगले पांच वर्षों के लिए राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी, जायस, अमेठी के निदेशक के लिए किया गया है। वह 9 जुलाई, 2019 को पदभार ग्रहण करेंगे। आरजीआईपीटी, अमेठी भारतीय संसद द्वारा मिनिस्ट्री ऑफ पेट्रोलियम के अंतर्गत स्थापित एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है। वर्तमान में प्रो.एएसके सिन्हा संस्थान में अधिष्ठाता, शैक्षणिक कार्य और चेयरमैन, सीईआरडी हैं। वे केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष भी रह चुके हैं। बीएचयू से बीटेक, एमटेक एवं पीएचडी करने के बाद प्रोफेसर सिन्हा आईआईटी में 1984 से अध्यापन कर रहे हैं। इस दौरान इन्होंने 100 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित किये हैं एवं 10 पीएचडी पूर्ण कराई है।

आरजीआईपीटी (राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी, जायस, अमेठी)के वर्तमान निदेशक आईआईटी कानपुर के प्रो. पीके भट्टाचार्या 8 जुलाई, 2019 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। आईआईटी(बीएचयू) के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार जैन ने प्रो.एएसके सिन्हा की नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। बताते चलें कि आईआईटी बीएचयू में शोध गाईड के रूप में निर्देशन के अहम दायित्व को लेकर प्रो.एएसके सिन्हा को आईआईटी बीएचयू में अपना समय देकर शोधकार्य पूर्ण कराना होगा। बताते चलें कि पेट्रोलियम के विकल्प वाले शोध के विज्ञानी के रूप में पेट्रोलियक इंजीनियरिंग की जिम्मेदारी दी गयी है।